**बृहस्पतिवार**
20 जुलाई 2023



पृष्ठ 4
**बरसात कई बीमारियों की वजह बनती है**



पृष्ठ 5
**शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की मूवी 7 दिसंबर को सिनमाघरों में देगी दस्तक**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 164
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**
दूसरों पर किए गए व्यंग्य पर हम हँसते हैं पर अपने ऊपर किए गए व्यंग्य पर रोना तक भूल जाते हैं।
– रामचंद्र शुक्ल

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# सीएम के सामने फूट-फूट के रोए पीड़ित



विशेष संवाददाता

चमोली। बीते कल नमामि गंगे परियोजना के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में हुए हादसे के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे में घायल हुए लोगों का अस्पताल जाकर हालचाल पूछा, वही मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री धामी ने इस हादसे का शिकार हुए पुलिसकर्मियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान क्षेत्र वासियों में व्याप्त आक्रोश का सामना भी सीएम धामी को करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। जिनमें से 6 को कल

**❑सीएम ने दिया हर संभव मदद का भरोसा**
**❑मृतकों के परिजनों को 25 लाख व नौकरी देने की मांग**
**❑धारा 302 के तहत दोषियों पर दर्ज हो मुकदमा**

ही ऋषिकेश एम्स लाया गया शेष 5 जिनका चमोली में (गोपेश्वर) इलाज चल रहा था, उन्हें भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऋषिकेश एम्स लाया जा रहा है जिससे उन्हें बेहतर इलाज मिल सके। मुख्यमंत्री धामी ने कल ही इस हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश भी जारी कर दिए थे तथा मृतकों के परिजनों को पांच पांच लाख व घायलों को एक-एक लाख की सहायता देने की घोषणा की गई थी।

आज मुख्यमंत्री जब गोपेश्वर पहुंचे तो वहां उन्हें लोगों के आक्रोश का सामना भी करना पड़ा। दरअसल लोगों

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## अलकनंदा किनारे एक साथ 12 चितायें जलते देखते हुए द्रवित हुए लोग

चमोली। चमोली हादसे में मारे गए 12 लोगों की चिंताएं आज एक साथ अलकनंदा नदी के तट पर जलती देख वहां मौजूद लोग अपने आंसू नहीं रोक सके, इस हादसे में 10 लोग एक गांव के मारे गए हैं। 3-4 गांवों के सैकड़ों लोग आज अलकनंदा के तट पर उस समय मौजूद थे जब उनका सामूहिक संस्कार किया जा रहा था। लोगों का कहना था कि इससे पूर्व ऐसा दुखद मंजर पहले उन्होंने कभी नहीं देखा है।

# मुख्य सचिव ने विद्युत आपूर्ति मानकों के परीक्षण करने के दिये निर्देश



संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डा. एसएस संधु ने सभी अपर सचिवों, प्रमुख सचिवों को समस्त परियोजनाओ, आस्थानों व शासकीय कार्यालयों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था के मानकों का अविलम्ब परीक्षण करने के निर्देश दिये।

आज यहां मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने चमोली की घटना के मद्देनजर सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों को समस्त परियोजनाओं, आस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था के मानकों का अविलम्ब परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सभी उच्चाधिकारियों को अपने प्रभाराधीन विभागों के विभागाध्यक्षों को इस बाबत निर्देशित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि विभागाध्यक्ष अपने नियंत्रणाधीन समस्त परियोजनाओं, आस्थानों एवं शासकीय कार्यालय परिसरों आदि में विद्युत सुरक्षा सम्बन्धी किए गए उपायों का अविलम्ब परीक्षण कराए जाने के साथ ही प्रभारी अधिकारी से सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों के परीक्षण की कार्रवाई विभाग के मानकों के अनुसार अथवा प्रत्येक 3 माह में किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा: पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई गैंगरेप की घटना को शर्मनाक बताया है। साथ ही उन्होंने कठोर कार्रवाई की बात भी कही है। संसद के मॉनसून सत्र की शुरुआत से पहले आज मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, मणिपुर की जो घटना सामने आई है वो किसी भी सभ्य समाज के लिए ये शर्मसार करने वाली घटना है। गुनाह करने वाले कितने और कौन हैं, वो अपनी जगह पर हैं पर बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। मैं सभी मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वो अपने राज्यों में कानून व्यवस्थाओं को और मजबूत करें। खासतौर पर हमारी माताओं-बहनों की रक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं। मणिपुर घटना का वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से लेकर कई विपक्षी नेताओं ने पीएम मोदी से इस मुद्दे पर बयान की मांग की थी। राहुल गांधी ने कहा था, पीएम की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है। जब मणिपुर में भारत के विचार पर हमला किया जा रहा है तो इंडिया चुप नहीं रहेगा। हम मणिपुर के लोगों के साथ खड़े हैं। शांति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।

# मणिपुर में मानवता हुई शर्मशार, भीड़ ने दो महिलाओं के कपड़े उतारकर सड़क पर घसीटा

नई दिल्ली । मणिपुर में पिछले दो महीने से उथल-पुथल मची हुई है। हिंसा की घटनाओं के जारी रहने के बीच इस समय मानवता को शर्मशार कर देने वाला एक वीडियो सामने आया है। इसके बाद से तनाव और ज्यादा बढ़ गया है। वायरल हो रहे इस वीडियो में भीड़ ने दोनों महिलाओं के कपड़े उतार दिए और उन्हें सड़क पर घसीटा व उनके साथ छेड़छाड़ भी की गई। यह मामला 4 मई को राजधानी इंफाल से करीब 35 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में हुआ। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने दावा किया कि 4 मई को दोनों महिलाओं को बिना कपड़ों के घुमाने के बाद धान के खेत



**❑मुख्य आरोपी गिरफ्तार, घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया**

में उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया गया है। मणिपुर पुलिस ने चार मई के वीडियो में नजर आ रहे मुख्य आरोपियों में से एक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घटना का कथित मुख्य साजिशकर्ता कहा जा रहा है, उसे थाउबल जिले से गिरफ्तार किया गया।

मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई बर्बरता की घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि ऐसी घटनाओं को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। सरकार को कार्रवाई का आदेश देते हुए सीजेआई ने कहा, अगर सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो हम करेंगे।

मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा, मेरी संवेदनाएं उन महिलाओं के प्रति हैं जिनके साथ बेहद अपमानजनक और अमानवीय कृत्य किया गया। उन्होंने कहा, फिलहाल मामले की जांच चल रही है और हम ये सुनिश्चित करेंगे कि सभी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिसमें मृत्युदंड की संभावना पर भी विचार किया जाए।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# दर्दनाक हादसा

चमोली में कल हुए दर्दनाक हादसे ने 16 लोगों की जिंदगी छीन ली और दर्जनभर घायल लोगों में से अभी भी कई ऐसे हैं जिनकी जिंदगी दांव पर लगी हुई है, नमामि गंगे परियोजना के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली का करंट दौड़ने से पेश आए इस हादसे के अब मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे दिए गए हैं जिससे इस हादसे के सही कारणों का पता चल सके। वही उन तमाम पीड़ित परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए सरकार ने मुआवजे की घोषणा भी कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि यह हादसा अत्यंत दुखद है तथा जिसकी भी लापरवाही से लोगों की जान गई है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे में जिनके परिवार उजड़े हैं उनके दर्द को सिर्फ वह खुद ही जान सकते हैं। हरमनी गांव में इस घटना के बाद मातम पसरा हुआ है क्योंकि इस गांव के 10 लोग इस हादसे में मारे गए हैं। इस हादसे का पहला शिकार बनने वाला चौकीदार गणेश लाल भी इसी गांव का था। इस घटना का सबसे अहम पहलू यह है कि चौकीदार गणेश लाल के ड्यूटी से घर न पहुंचने पर जब गांव के लोग उसकी तलाश में प्लांट पहुंचे और उसे मृत पड़ा देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी गई तो क्या किसी को इस बात का पता नहीं था कि उसकी मौत बिजली के करंट लगने से हुई है और अगर पता था तो प्लांट की बिजली क्यों नहीं काटी गई। आमतौर पर अगर विद्युत करंट के कारण कोई हादसा होता है तो क्षेत्र की बिजली सप्लाई काट दी जाती है और उसे पुन: तभी संचालित किया जाता है जब यह सुनिश्चित कर लिया जाता है कहीं किसी तरह का फाल्ट तो नहीं है। बिजली का करंट कैसे प्लांट में फैला? सिर्फ यही सवाल नहीं सवाल यह भी है कि एक बार करंट फैलने और एक मौत के बाद बिजली आपूर्ति कैसे ठप हुई और फिर दोबारा कैसे संचालित हुई। इस पूरे मामले में कहीं न कहीं एक बड़ी मानवीय चूक का अंदेशा है। लेकिन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी की आखिर किसकी गलती के कारण 16 लोगों ने अपनी जान गंवानी पड़ी। इस हादसे के समय जब कुछ पुलिसकर्मी भी वहां मौजूद थे तो यह नहीं माना जा सकता है कि उन्होंने पहले यह जानने की कोशिश न की हो कि चौकीदार की मौत किस तरह हुई है। आमतौर पर मानसूनी सीजन में सीलन के कारण लोहे के उपकरणों में ही नहीं दीवारों और फर्श तक में करंट प्रवाहित हो जाता है लेकिन बिजली के करंट से इतनी बड़ी संख्या में लोगों का मारा जाना अत्यंत ही दुखद है। लेकिन हादसों पर किसी का कोई वश नहीं चलता है। चौकीदार गणेश की मौत पर जमा उसके परिजनों और गांव वालों ने कदाचित भी यह नहीं सोचा होगा कि उनके साथ भी वैसा ही हादसा होने वाला है जैसा गणेश के साथ हुआ। इस घटना में एक दर्जन भर लोग घायल हुए हैं जिनमें से 6 की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें ऋषिकेश एम्स लाया गया है। घायलों को बेहतर इलाज मिल सके और वह ठीक हो कर घर लौट सके इसकी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। इस घटना से एक बार फिर पहाड़ की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं कि पहाड़ के अस्पतालों में एक बर्न वार्ड तक नहीं है जहां इस तरह के घायलों को इलाज मिल सके। पहाड़ों पर जब आए दिन किसी न किसी तरह के बड़े हादसे होते रहते हैं तो सरकार को पहाड़ों की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

## चमोली की घटना के मृतकों को उक्रांद ने दी श्रद्धांजलि

हमारे संवाददाता




चमोली। उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा चमोली जनपद के पीपलकोटि में नमामि गंगे प्रोजेक्ट में बिजली के करंट से हुई हृदय विदारक घटना में मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना सभा कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर दल की ओर से मृतक परिवारों की सहायता के लिए 50 लाख रूपये की आर्थिक मदद की मांग सरकार से की गयी। साथ ही इस घटना की जांच स्वतंत्र एजेंसी से करायी जाय की मांग सरकार से रखी। इस अवसर पर दल के केंद्रीय उपाध्याय महेन्द्र सिंह रावत, सुनील ध्यानी, राजेंद्र बिष्ट, रमा चौहान, पी. एस. कठेत, डॉ देवेश्वर भट्ट, अशोक नेगी, दीपक रावत, एडवोकेट डी एम काला, राजेंद्र प्रधान, मनीष रावत, राजू भट्ट, एस एन बिष्ट, श्याम सिंह नेगी, प्रभात डंडरियाल आदि उपस्थित रहे।

भूरिदा भूरि देहि नो मा दभ्रं भूर्या भर ।
भूरि घेदिन्द्र दित्ससि॥

(ऋ० ४.३२.२०)

हे सर्व ऐश्वर्य के स्वामी परमात्मन्! आप अपने सेवकों को बहुत ही धनादि पदार्थ देते हो, हमें भी बहुत दो, थोड़ा नहीं, क्योंकि आपका स्वभाव ही बहुत देने का है, सदा बहुत देने की इच्छा करते हो । भगवन् ! धनादि पदार्थों को प्राप्त होकर, उनको अच्छे कामों में हम लगावें, बुरे कामों में नहीं, ऐसी ही आपकी प्रेरणा हो। हम धर्मात्मा और धनी ज्ञानी बनकर आपके ज्ञान और धर्म के फैलानेवाले बनें, जिससे कि हम सबका कल्याण हो ।

# आंध्र प्रदेश की महिला श्रद्धालुओं ने एसएसपी से की मदद की गुहार

संवाददाता



देहरादून। आंध्र प्रदेश के आयी महिली श्रद्धालुओं ने एसएसपी दलीप सिंह कुंवर से मिल अपनी समस्या से अवगत कराया। एसएसपी ने बीमार वृद्ध महिला को दून अस्पताल में भर्ती कराकर सभी का उनके घर तक जाने का इंतेजाम कराया।

आंध्र प्रदेश से चार धाम यात्रा हेतु आयी महिला श्रद्धालुओं के द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर से पुलिस कार्यालय में मुलाकात की गई। उनके द्वारा बताया गया की उनके परिवार से 5 महिलाएं तथा एक पुरुष तेलंगाना से वैष्णो देवी की यात्रा पर गए थे, वैष्णो देवी में दर्शन करने के उपरांत वे सभी चारधाम यात्रा हेतु उत्तराखंड आए थे।

गंगोत्री धाम के दर्शन करने के उपरांत वर्षा अधिक होने के कारण वे सभी लोग आंध्र प्रदेश वापस जाने के लिए बस से देहरादून आ गए, परंतु देहरादून आने के उपरांत उनका बैग कही गुम हो गया। जिसमें उनके आधार कार्ड, वापसी के टिकट, 35 हजार रुपये नगद, मोबाइल तथा अन्य सामान था, वर्तमान में उनके पास वापस जाने के पैसे नहीं है, तथा

### ❑वृद्धा को दून चिकित्सालय में भर्ती कराया, सभी का घर जाने तक का किया इंतेजाम

उनमें से एक बुजुर्ग महिला की तबीयत खराब होने के कारण उसे दून अस्पताल ले जाया गया है, जिस पर एसएसपी द्वारा तत्काल एक पुलिसकर्मी को उक्त बुजुर्ग महिला के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु दून अस्पताल भिजवाया गया, साथ ही उक्त श्रद्धालुओं के देहरादून से दिल्ली जाने के लिए वाहन का इंतेजाम करवाया गया तथा दिल्ली से तेलंगाना के लिए रेलवे टिकट की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त मार्ग में खाने-पीने व अन्य व्यय के लिए उक्त महिला श्रद्धालुओं को नगद धनराशि देते हुए उनकी सहायता की गयी। पुलिस से मिली त्वरित सहायता से भावुक होते हुए उक्त महिला श्रद्धालुओं द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उत्तराखंड पुलिस की कार्यशैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गयी।

## एसपी बागेश्वर बनने पर आईपीएस अक्षय कोंडे को दी बिदाई

संवाददाता

देहरादून। शासन द्वारा एसपी यातायात अक्षय कोंडे को एसपी बागेश्वर बनाये जाने पर उनको बिदाई देते हुए उनके कार्यो की सराहना की।

आज यहां अक्षय कोंडे, पुलिस अधीक्षक यातायात के पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के पद पर स्थानांतरण होने पर पुलिस कार्यालय देहरादून में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अक्षय कोंडे के पुलिस अधीक्षक यातायात के पद पर रहते हुए उनके द्वारा जनपद देहरादून में यातायात के सुधार हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की तथा तथा नवनियुक्त स्थान पर भी इसी प्रकार सकारात्मक ऊर्जा के साथ प्रभावी पुलिसिंग करने की कामना की गई।

## चमोली हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चमोली हादसे में करन्ट की चपेट आने से 16 कर्मचारियों की मौत के मामले में उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन एवं उत्तराखंड जल संस्थान सयुंक्त मोर्चा ने मृतक परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

संयुक्त मोर्चा एवं संगठन के महामंत्री रमेश बिन्जोला ने समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील की है कि प्रभावित परिवारों की अपने स्तर से हर संभव मदद करें। उन्होंने प्रबन्धक से भी अपेक्षा है कि वे भी इस दुख की घडी में कर्मचारियों का सहयोग प्रदान करें।

शोक सभा में रमेश बिन्जोला, संथय जोशी, श्याम सिंह नेगी, शिशुपाल रावत, संदीपमल्हौत्रा, प्रेम कुकरेती, जगमोहन बिष्ट, लाल सिंह रौतेला, रमेश आर्य, मनोज सक्सेना ,विजय शाह, महेश राम ,राम चन्द्र सेमवाल, प्रेमसिंह रावत,राम प्रसाद चंदोला, पवन केडिया, प्रवीण गुसाईं, चतर सिंह, प्रदीप तोमर, राजेन्द्र बिष्ट, सैनी जी, सहायक लेखाकार, विनोद सिंह सहायक लेखाकार, हेमन्त भट्ट, के०के०बुधानी, डी०पी०भद्री, किरन बिन्जोला,कोमल बिष्ट, मणीराम व्यास, रमेश चन्द्र शर्मा, धनपाल पंवार, रणवीर सिंह, मेहर सिंह, धूम सिंह सोलंकी, धन सिंह चौहान, सरिता नेगी, माया देध्वी, रिंकी तोमर, सम्पूर्ण सिंह, सतीश पारछा, रामेश्वर डोभाल, संजय कुमार, प्रेम सिंह नेगी, मदन पाल, जीवानन्द भट्ट, अनिल उनियाल, धन सिंह नेगी कार्यकारी अध्यक्ष, अमित कुमार, अशोक हरदयाल, राजकुमार अग्रवाल, संजय कुमार, राजपाल, सन्नी कुमार, अनिल शर्मा, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया श्री देव सुमन राजकीय पुस्तकालय बोराड़ी का निरीक्षण

हमारे संवाददाता



नई टिहरी। जिलाधिकारी टिहरी मयुर दीक्षित द्वारा आज श्री देव सुमन राजकीय पुस्तकालय, बोराडी स्टेडियम एवं घण्टाघर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिगत घण्टाघर के ऊपर जाने वाली सीढ़ियों को बन्द करने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पुस्तकालय में रीडिंग रूम, शौचालय, हॉल तथा लगभग 100 साल पुराना रिकार्ड चैक किया गया। इस दौरान लाइब्रेरी के हॉल में राजा राम फाउंडेशन कोलकाता से प्रेषित की गई लगभग 3 हजार बुक्स के 240 बंडल बंद मिले। जिलाधिकारी ने स्थानीय स्तर के अध्यापकों के माध्यम से लाइब्रेरी को और बेहतर करने, पुस्तकालय में किताबों की छटनी करने एवं लाइब्रेरी को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कम्प्यूटर चैक करने, एनजीओ के साथ बैठक करने, इंटरनेट कनेक्टिविटी देने, सीसी टीवी कैमरे लगाने, फायर सेफ्टी उपकरण लगाने, लाइब्रेरी में आने वाले बच्चों का रोस्टर बनाने, लाइब्रेरी का प्रचार-प्रसार करने तथा स्कूल कोर्स के नया सिलेबस रखवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी में रिडिंग के लिए आये बच्चों से बात कर कई जानकारी ली गई।

लाइब्रेरियन विशन सिंह रांगड ने बताया कि लाइब्रेरी में स्टाफ की कमी के चलते लाइब्रेरी व्यवस्थित नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी द्वारा इस संबंध में मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वी.के. ढौंडियाल, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका टिहरी एम.एल. शाह व सुभद्रा नेगी मौजूद रहे।

## दो किलो चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने दो किलो चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान सेंट थामस स्कूल के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमता हुआ देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से दो किलो चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम दिलशाद पुत्र यासीन निवासी मिर्जापुर सहारनपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## दुकान से चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। दुकान से चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर निवासी राजीव कुमार ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी दुकान सैल्स टैक्स चैक पोस्ट मौहब्बेवाला के सामने है।



रात्रि को उसकी दुकान खुली थी। उसकी अचानक आँख लग गयी थी। उसकी नींद लगभग डेढ बजे रात्रि को खुली तो उसके गल्ले सहित लगभग 400-500 रूपये किसी के द्वारा चोरी कर लिये गये। जिसके बाद पुलिस ने आसपास चोरों की तलाश शुरू की तो जंगल के पास दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में जाते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडे हुए।

पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से दुकान का गल्ला व एक हजार रूपये नगद बरामद कर लिये। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम हनी सिंगवाल पुत्र रणधीर सिंह निवासी मीरपुर मुजफ्फरनगर व असलम पुत्र फारूख निवासी मौहब्बेवाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## चाइल्ड पोनोग्राफी पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। चाइल्ड पोनोग्राफी में एक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरोगा दीपक मैठाणी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि साइबर टिप लाईन रिपोर्ट व एक बन्द लिफाफा भूरे रंग का जांच रिपोर्ट साईबर क्राइम व आदेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ कागजातों के साथ भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के अन्तर्गत टिप लाईन पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी , आपत्तिजनक अश्लील सामग्री पोस्ट करने के सम्बन्ध में सन्दिग्ध गौरव सिंह निवासी झाझरा पोस्ट ऑफिस झाझरा जनपद प्रेमनगर के संबंध में जांच की गयी तो पाया कि उपरोक्त द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं अश्लील सामग्री पोस्ट की गई है। जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67इ आईटी एक्ट का अपराध है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार, वाहन सीज

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान छिद्दरवाला के पास एक आल्टो कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार से 8 पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम बसत सिंह कुमाई पुत्र पृथ्वी सिंह कुमाई निवासी छिददरवाला बताया। वहीं रायवाला पुलिस ने बीस फिटी रोड के पास से 64 पव्वे शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम कृष्ण सिंह सजवाण उर्फ राहुल पुत्र धनपाल सिंह निवासी लंबगांव उत्तरकाशी बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# योजनाओं की प्रगति अभी से बढ़ाते हुए शत-प्रतिशत करें व्ययः कमठान



संवाददाता

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने 30 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में विभागों को योजनाओं की प्रगति अभी से बढ़ाते हुए शत-प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में विकासभवन सभागार में जिला योजना/राज्य योजना/केन्द्र पोषित/वाह्य सहायतित योजनाओं तथा 30 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि विभागों को योजनाओं की प्रगति अभी से बढ़ाते हुए शत-प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य करने वाले विभागों को निर्देशित किया कि कार्यों में शत-प्रतिशत प्रगति बढ़ाते हुए प्रमाण-पत्र भी दें। उन्होंने निर्देशित किया कि विभागों के कार्यों की धरातल पर प्रगति की क्रॉस वैरीफिकेशन भी कराई जाएगी। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि कार्यदाई संस्था के चयन में देरी न करें। साथ ही ध्यान रखें कि सक्षम कार्यदाई संस्था को ही कार्य आवंटित किए जाए। उन्होंने कहा कि धनराशि वापस करने वाले विभागों के संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधि कारी को निर्देशित किया कि अगले माह से शून्य/न्यून प्रगति वाले विभागों को उनकी ओर से नोटिस प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी 30 सूत्रीय कार्यक्रम की निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें, जिसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा 30 सूत्रीय कार्यक्रम रिपोर्ट/सूचना प्रस्तुत नहीं की गई है वह आज शाम तक सूचना निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने पीएमजीएसवाई के अधि कारियों को निर्देशित किया कि अपनी प्रगति अभी से बढ़ाते हुए कार्यों में शत-प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला योजना/राज्य योजना/केन्द्र पोषित/वाह्य सहायतित योजनाओं की प्रगति बढ़ाते हुए मार्च से पूर्व प्राप्त धनराशि को शत-प्रतिशत व्यय करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शशिकांत गिरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विद्याध र कापड़ी, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. मिनाक्षी जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, जिला कार्यक्रम अधि कारी बाल विकास विभाग मोहित चौधरी, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, सहायक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रकाश सिंह भण्डारी, जिला पूर्ति अधिकारी विवेक शाह एवं सिंचाई, शिक्षा, लोनिवि सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं में पुरुषों से अलग होते हैं हार्ट फेल्यॉर के लक्षण

महिलाओं में सीधे तौर पर हार्ट फेल्यॉर से पहले कई दूसरी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां जैसे हॉर्मोनल बदलाव, हाई बीपी, बहुत अधिक तनाव देखने को मिलता है। ऐसे में कई बार उन्हें शुरुआती स्तर पर सही ट्रीमेंट देने में भी दिक्कतें आ जाती हैं। क्योंकि एक्सपर्ट्स को कई बीमारियों के एक जैसे लक्षणों के बीच स्टडी करने में वक्त लगता है। कई कारणों के बीच यह भी एक वजह बनती है कि महिलाओं को समय पर सही ट्रीटमेंट मिलने में दिक्कत आती है...

महिलाओं में हार्ट अटैक की असली वजह

हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि हार्ट फेल्यॉल के लक्षणों और कारणों के रूप में महिलाओं में जिस तरह के हेल्थ फैक्टर्स नजर आते हैं, वे पुरुषों की तुलना में काफी अलग होते हैं। साथ ही लक्षण काफी पहले से नजर आने लगते हैं। ऐसे में अगर इन लक्षणों के प्रति जागरूकता रखी जाए तो महिलाओं को कई गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। क्योंकि आमतौर पर देखने में आता है कि महिलाओं में हार्ट फेल्यॉर की स्थिति आने से पहले उन्हें कई दूसरी गंभीर बीमारियां अपना शिकार बनाती हैं।

महिलाओं में हार्ट फेल होने से पहले मिलनेवाले लक्षण



- मेनॉपॉज से पहले महिलाओं में सेक्स हॉर्मोन्स का स्तर काफी गड़बड़ा जाता है। फीमेल हॉर्मोन को एस्ट्रोजन और और मेल हॉर्मोन को टेस्टेस्टोरोन कहा जाता है। हालांकि ये दोनों ही हॉर्मोन महिलाओं और पुरुषों दोनों के शरीर में होते हैं लेकिन इनकी एक निश्चित मात्रा होती है। जिसके बढ़ने या घटने पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

- मेनॉपॉज के दौरान घटा या बढ़ा हुआ एस्ट्रोजन लेवल महिलाओं में हृदय की कार्यप्रणाली को में बाधा पहुंचाता है। जिससे हार्ट फेल्यॉर का खतरा बढ़ता है। जब महिलाएं मेनॉपॉज की स्थिति से बाहर आ जाती हैं, तब उन्हें आमतौर पर ब्लड प्रेशर संबंधी समस्याएं घेर लेती हैं। ये समस्याएं भी हृदय संबंधी रोगों को बढ़ावा देती हैं। कई स्टडीज में यह बात साबित हो चुकी है कि बढ़ती उम्र के साथ मोटापा बढ़ने की दिक्कत पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अधिक होती है। मेनॉपॉज के बाद ना केवल महिलाओं में तेजी से वजन बढ़ने की दिक्कत देखने को मिलती है बल्कि वे तेजी से बढ़ते मोटापे से परेशान रहने लगती हैं। मोटापा हाई ब्लड प्रेशर का खतरा सामान्य स्थिति से तीन गुना अधिक बढ़ा देता है। जो कई अन्य समस्याओं के साथ हार्ट डिजीज की वजह बन जाता है।

पहले घेरती हैं ये बीमारियां

- भावनात्मक दबाव, सही खान-पान का अभाव, पूरा आराम ना मिलना जैसी कई समस्याएं होती हैं, जो धीरे-धीरे महिलाओं को हृदय संबंधी बीमारियों की तरफ धकेल रही होती हैं। इस कारण हार्ट फेल होने से पहले उनके शरीर में कई दूसरी बीमारियां पनपने लगती हैं, जो बाद में हार्ट अटैक या हार्ट फेल्यॉर की वजह बनती हैं। महिलाओं में पहले कई दूसरी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां जैसे हॉर्मोनल बदलाव, हाई बीपी, बहुत अधिक तनाव देखने को मिलता है। ऐसे में कई बार उन्हें शुरुआती स्तर पर सही ट्रीमेंट देने में भी दिक्कतें आ जाती हैं। क्योंकि एक्सपर्ट्स को कई बीमारियों के एक जैसे लक्षणों के बीच स्टडी करने में वक्त लगता है। कई कारणों के बीच यह भी एक वजह बनती है कि महिलाओं को समय पर सही ट्रीटमेंट मिलने में दिक्कत आती है।

# नवजात शिशु किस उम्र में पहली बार हंसना शुरू करते हैं

नवजात शिशु को हंसता देखकर किसी के भी चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। आपने भी कई बार नोटिस किया होगा कि शिशु नींद में भी मुस्कुराते हैं। जब बच्चे अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर आपकी ओर देखते हैं तो ऐसा लगता है कि शरीर की सारी थकान ही उतर गई हो।

यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि शिशु कब हंसना शुरू करते हैं और आप अपने बच्चे को कैसे हंसा सकते हैं।

अगर आपके बच्चे ने घुर्राने जैसी आवाज निकालनी शुरू कर दी है तो समझ जाएं कि जल्द ही वो हंसना भी शुरू करने वाला है। 3 से 4 महीने का होने पर शिशु पहली बार हंसता है। पहली बार शिशु के हंसने पर आप जरूर उसे ध्यान से देखेंगें लेकिन इसके बाद वो जब भी हंसेगा आपके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ जाएगी।

किसी जानी-पहचानी चीज या चेहरे को देखकर बच्चा पहली बार हंसता है। शिशुओं को हंसी आती है क्योंकि उन्हें पहली बार ऐसा करने से किक मिलती है। जब शिशु की हंसी देखकर आप भी हंसने लगते हैं तो बच्चे को भी आपकी हंसी अच्छी लगती है और फिर उसका बार-बार ऐसा करने का मन लगता है।

शिशु 6 से 9 महीने का होने पर रात को सोते समय भी हंसते या खिसियाने लगते हैं। अगली बार जब आप बच्चे को पालने में लिटाएं तो उसकी मुस्कान को देखकर चौंके ना। आमतौर पर बच्चे तीन से चार महीने का होने पर हंसना शुरू कर देते हैं। यदि चार महीने का होने बाद पाचंवे महीने में भी शिशु ने हंसना शुरू नहीं किया है तो ये चिंता का विषय हो सकता है।

इसमें शिशु का विकास भी महत्व रखता है। यदि बच्चा अपनी उम्र के हिसाब से बाकी चीजों में सही विकास कर रहा है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है लेकिन अगर बच्चे का विकास कई मामलों में धीमा है तो एक बार पीडियाट्रिशियन (बाल रोग चिकित्सक) को जरूर दिखाएं।

बच्चे को हंसाने के कई तरीके हैं और इसका सबसे आसान तरीका है फनी फेस बनाना। शिशु के पेट पर गुदगुदी करना, उनके साथ खेलना और गोद में उठाकर नाचना भी बच्चे को हंसा सकता है।

शिशु को हंसते हुए देखने पर नरम आवाज में बात करें, आपकी बातों को सुनकर भी बच्चे के चेहरे पर हंसी आ जाती है। जब भी आप शिशु को हंसाने की कोशिश कर रहे हों, उस समय इस बात का खास ध्यान रखें कि बच्चे का पेट भरा हुआ होना चाहिए और वो थका हुआ न हो।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से आलिया भट्ट ने साझा की नई झलकियां

करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास क्योंकि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी बनी है। अब आलिया ने अपने नए ब्लॉग के जरिए रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की ताजा झलकियां साझा की हैं। आलिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की झलकियां साझा की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेरा अब तक का पहला गीत व्लॉग यूट्यूब पर उपलब्ध है। अभी जाकर देखें। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है। इसमें धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में लोकप्रिय कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया की भी कैमियो होगा।

इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे। आलिया-रणवीर पर एक गाना फिल्माया गया है, जिसके जरिए यश को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिल्म 28 जुलाई को रिलीज हो रही है।

धर्मा प्रोडक्शंस फिल्म के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल्म्स पठान के लिए नहीं कर सका। पठान को दुनियाभर में 8,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी... को करीब 9,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं। पटना के एक एग्जिबिटर रोशन सिंह इस फिल्म के लिए अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं। ००

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# बरसात कई बीमारियों की वजह बनती है



मानसून लगभग पूरे भारत में दस्तक दे चुका है और जगह-जगह पर लगातार बारिश भी शुरू हो चुकी है। ऐसे में कई लोग अपनी जरूरत के लिए घर से बाहर भी निकल रहे हैं और उन्हें बारिश में भीगना भी पड़ रहा है। मानसून में होने वाली बरसात कई सारी बीमारियों की वजह भी बन जाती है, इसलिए अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। यहां पर आपको कुछ ऐसे ही सेहतमंद टिप्स दी जा रही हैं, जिन्हें आप बारिश में भीगने के तुरंत बाद जरूर अपनाएं।

ऐसा न करने की स्थिति में हो सकता है कि आप किसी ना किसी स्वास्थ्य समस्या से जरूर परेशान हो जाएं। खासकर कोरोना वायरस महामारी के इस दौर में बीमार होने के बाद आप अस्पताल बिल्कुल भी नहीं जाना चाहेंगे, इसलिए पहले से तैयारी करना बहुत जरूरी है। आइए अब जानते हैं कि कौन-सी 5 टिप्स हैं जो बारिश में भीगने के बाद सभी को फॉलो चाहिए।

पहले यह जान लीजिए किन-किन बीमारियों से हो सकता है सामना

बारिश में भीगने के बाद आपको जो बीमारियां अपनी चपेट में लेंगी, उनके लक्षण आपको काफी हद तक कोरोना वायरस के लक्षण से मिलते-जुलते भी दिखाई दे सकते हैं। बारिश में भीगने के बाद अक्सर लोगों को पहले सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या होती है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत नहीं होती, वह सर्दी खांसी और जुकाम की चपेट में आने के बाद तुरंत बुखार से भी पीड़ित हो जाते हैं।

इसके अलावा बारिश में भीगने के बाद सिरदर्द, स्किन एलर्जी और आंखों के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। आइए अब जानते हैं कि बारिश में भीगने के बाद क्या करना है?

सिर को ढकें

सिर हमारे शरीर का पहला हिस्सा होता है जहां पर बारिश का पानी सबसे पहले पड़ता है। हमारे शरीर की पूरी कार्यप्रणाली सिर के जरिए ही संचालित होती है। सिर का हिस्सा काफी कोमल भी होता है। चलिए थोड़ी देर तक बारिश का पानी पड़ने के बाद हमें ठंडक महसूस होने लगती है। ऐसी स्थिति में सबसे पहले अपने सिर को ढक लें और कोशिश करें कि बारिश का पानी सिर पर जितना कम हो सके, उतना कम पड़े।

कपड़ों को बदलने में न करें देरी

बारिश में भीगने के बाद जैसे ही घर पहुंचे तुरंत अपने कपड़ों को बदल लें। ऐसा करने से आपके शरीर का तापमान सामान्य अवस्था में आ जाएगा और आपको ठंड भी नहीं लगेगी। इसके साथ-साथ बारिश के मौसम में कई प्रकार के फंगल संक्रमण का खतरा भी रहता है। कपड़ों को तुरंत बदलने के कारण इस पर मौजूद फंगस, संक्रमण नहीं फैला पाएंगे।

लगाएं कोई एंटीबैक्टीरियल क्रीम

बारिश में भीगने के जब आप अपने कपड़ों को बदल लें तो उसके बाद किसी एंटीबैक्टीरियल क्रीम को पूरे शरीर में लगाएं। ऐसा करने से आपके शरीर पर मौजूद बैक्टीरिया मर जाएंगे और आप किसी भी प्रकार की स्किन एलर्जी की चपेट में आने से बचे रहेंगे। इतना ही नहीं, एंटीबैक्टीरियल क्रीम को लगाने से आप दाद, खाज और खुजली की समस्या से परेशान नहीं होंगे।

सिर को दें विशेष ट्रीटमेंट

बारिश में भीगने के बाद घर पहुंचने पर कोशिश करें कि सबसे पहले अपने सिर को किसी तोलिया से अच्छी तरह पोछ लें। सिर पर यदि ज्यादा देर तक बारिश का पानी मौजूद रहेगा तो इसके कारण आप सर्दी जुकाम और खांसी की चपेट में भी आ जाएंगे। सिर का हिस्सा गीला होने के बाद सबसे पहले इन्हीं स्वास्थ्य समस्याओं से लोगों को प्रभावित करता है।

गर्म चाय या काढ़े का सेवन करें

बारिश में भीगने के बाद आपको गर्म चाय या फिर काढ़े का सेवन जरूर करना चाहिए। यह न केवल आपके शरीर की एनर्जी को बूस्ट करते हैं बल्कि बारिश में भीगने का कारण शरीर के गिरे हुए तापमान को मेंटेन करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसके साथ साथ काढ़े का सेवन करना और भी फायदेमंद रहेगा। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और आप सर्दी, खांसी और फ्लू जैसी समस्याओं से बचे रह सकते हैं।

बारिश के समय में स्लीपर पहनने वाले लोगों के अंगूठे में या उसके आस-पास मिट्टी के छोटे-छोटे कण भी कट्ठे हो जाते हैं। इसलिए घर पहुंचने के तुरंत बाद अपने पैरों को अच्छी तरह धो लें।

## शब्द सामर्थ्य -082

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| 9 | | | | 10 | | | | |
| | | | | | | 12 | | |
| | 11 | | 12 | | | | 13 | |
| 14 | | | | | | 15 | | |
| 16 | | | 17 | 18 | 19 | | | |
| 20 | | 21 | | 22 | | | | |
| | | | | 23 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# यूरोप में रोमांस करते दिखे वरुण धवन, जाह्नवी कपूर!

वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म बवाल कई दिनों से चर्चा में है। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री ने दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी थी। रोमांस और एक्शन से भरपूर यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। फिल्म 21 जुलाई को रिलीज होगी। निर्माता साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। बवाल एक रोमांटिक ड्रामा है जो एक दिलचस्प ट्विस्ट के साथ एक्शन की ओर मुड़ जाता है। ट्रेलर में दिख रहा है कि वरुण का किरदार अजय हर हाल में निशा (जाह्नवी) को पाना चाहता है। वह उसके साथ यूरोप घूमने के सपने देखता है। वह उसे यूरोप ले जाने में सफल भी होता है, लेकिन इस उतार-चढ़ाव में उनके बीच दरार आ जाती है। फिल्म एक व्यक्ति के बाहर और भीतर छिड़े युद्ध पर प्रकाश डालती है। पहले यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। बाद में निर्माता-निर्देशक ने टीम के साथ मिलकर इसे सीधा ओटीटी पर लाने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के अनुसार, बवाल के लिए अमेजन प्राइम वीडियो से 110 करोड़ रुपये का सौदा किया है। वरुण और जाह्नवी इसे सीधा ओटीटी पर लाने के फैसले से खुश हैं, क्योंकि इससे उन्हें दुनियाभर के दर्शकों का साथ मिल सकेगा। हालांकि, दर्शक इसे बड़े पर्दे पर न देख पाने के कारण निराश हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म को एफिल टावर पर दिखाया जाएगा। जुलाई के मध्य में एफिल टावर पर इसका वर्ल्ड प्रीमियर होने वाला है। दावा किया जा रहा है कि यह प्रीमियर इतना भव्य होगा, जैसे पहले किसी भी बॉलीवुड फिल्म का नहीं हुआ है। इससे पहले आदित्य चोपड़ा की फिल्म बेफिक्रे के ट्रेलर को एफिल टावर पर लॉन्च हो चुका है। यह पहली भारतीय फिल्म थी, जिसका ट्रेलर एफिल टावर पर दिखाया गया था।



कहा जा रहा है कि बवाल वरुण के करियर की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है। इसकी शूटिंग भारत के अलावा पेरिस, पोलैंड, बर्लिन और ऐम्सटर्डैम में हुई है। पिछले साल खबर आई थी कि फिल्म में एक खास एक्शन दृश्य को 10 दिन में फिल्माया गया था, जिसमें करीब 2.5 करोड़ रुपये प्रतिदिन खर्च किए गए थे। इसे फिलमाने में 45 से ज्यादा जंगली चूहे, कई चाकू, ग्रेनेड और अन्य प्रकार के विस्फोटक का इस्तेमाल हुआ था। (आरएनएस)

# माधुरी दीक्षित को अपना रोल मॉडल मानती हैं हेली दारूवाला

अभिनेत्री डांसर हेली दारूवाला ने अपने सफर का श्रेय माधुरी दीक्षित नेने को दिया है और उन्होंने आगामी ट्रैक मेरे सनम के ख्वाब में अपने शास्त्रीय नृत्य के बारे में बात की। अभिनेत्री हेली ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा है कि इस गाने के लिए विशेष रूप से उन्होंने प्रतिष्ठित अभिनेत्री माधुरी दीक्षित से प्रेरणा ली है। उन्होंने कहा, अभिनेता और नर्तक के रूप में मेरी यात्रा में माधुरी दीक्षित का जबरदस्त प्रभाव रहा है। अन्य सभी लड़कियों की तरह मैं भी उन्हें स्क्रीन पर देखकर बड़ी हुई हूं। अपने बचपन के दिनों में मैंने उन्हें अपनी प्रेरणा मानकर नृत्य और नाटक में अपनी यात्रा शुरू की थी। मेरे सनम के ख्वाब गाने को कविता सेठ और कनिष्क सेठ ने गाया है और इसमें निशंक भट्ट के साथ हेली दारूवाला हैं।


# डांस रियलिटी शो हिप-हॉप इंडिया में दिखाई देंगे रेमो डिसूजा

रोबोट', एबीसीडी 2', बाजीराव मस्तानी' और स्टूडेंट ऑफ द ईयर' जैसी कई भारतीय फिल्मों के डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा जल्द ही आगामी डांस रियलिटी शो हिप-हॉप इंडिया' में अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे।

रियलिटी शो के साथ जुडने की घोषणा करते हुए रेमो डिसूजा ने अपने सोशल मीडिया पर शो का एक पोस्टर साझा किया, जिससे डांस प्रेमियों के बीच शो को लेकर काफी उत्साह पैदा हो गया।

रेमो डिसूजा के साथ शो में हर हफ्ते एक नया सेलिब्रिटी डांस जज होगा। इसके अलावा एक और जज यह तय करेगा कि भारत की अगली बड़ी हिप-हॉप सनसनी का ताज किसे पहनाया जाएगा। यह जज कौन होगा, इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। शो पर टिप्पणी करते हुए रेमो ने कहा कि मुझे लगता है कि डांस शब्दों और भावनाओं से परे है और इसने मुझे वह सब कुछ हासिल करने में मदद की है जो आज मेरे पास है। हिप-हॉप विशेष रूप से मुझे जीवन के प्रत्येक क्षण में जीवंत महसूस कराता है। हिप-हॉप इंडिया का लक्ष्य उभरते हिप-हॉप कलाकारों को सबसे बड़ा मंच प्रदान करना है। यह शो जल्द ही अमेजन मिनीटीवी पर स्ट्रीम होगा।

# शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की मूवी 7 दिसंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



बॉलीवुड इंडस्ट्री के स्टार्स शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में पूरी हो गई थी और दोनों स्टार्स का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया था। शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की साथ में पहली फिल्म की अब रिलीज डेट आउट हो गई है। हालांकि, मेकर्स ने अभी फिल्म का नाम नहीं बताया है। आइए जानते हैं कि अमित जोशी और आराधना शाह के डायरेक्शन में बनने वाली शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की फिल्म कब रिलीज होगी।

फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की अनटाइटिल्ड फिल्म का पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट की जानकारी दी है। ये फिल्म 7 दिसंबर, 2023 को रिलीज होगी। इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने उसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये लव स्टोरी फिल्म होगी। फिल्म के पोस्टर में शाहिद कपूर और कृति सेनॉन एक बाइक पर बैठे रोमांस करते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में धर्मेंद्र और डिंपल कपाडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतरेकर प्रोड्यूस करने वाले हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो कृति सेनॉन की फिल्म आदिपुरुष इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है और बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। हालांकि, उनकी फिल्म के डायलॉग्स को लेकर काफी विवाद हो रहा है। कृति सेनॉन अब फिल्म फिल्म गणपथ-पार्ट 1 और फिल्म द क्रू में नजर आएंगी। वहीं, शाहिद कपूर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ब्लडी डैडी में नजर आए थे और उनकी इस फिल्म को खूब पसंद किया गया था। फिल्म ब्लडी डैडी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज किया गया था।

# अजय देवगन के भांजे अमन की पहली फिल्म का ऐलान

अजय देवगन एक तरफ जहां अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं, वहीं दूसरी तरफ अब उनके भांजे अमन भी फिल्मी दुनिया में पदार्पण करने को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। उनकी पहली फिल्म का ऐलान हो चुका है, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अभिषेक कपूर को सौंपी गई है और फिल्म में अमन की जोड़ी रवीना टंडन की बेटी राशा के साथ बनी है। आइए जानते हैं फिल्म से जुड़ीं और क्या जानकारियां सामने आई हैं।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, अभिषेक कपूर एक एक्शन एडवेंचर फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं, जिसके जरिए वह अजय देवगन के भांजे अमन देवगन और रवीना की बेटी राशा थडानी को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे। फिल्म 9 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी। तरण ने अपने पोस्ट में यह भी बताया कि इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला, प्रज्ञा कपूर के साथ मिलकर बनाने वाले हैं। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है।

काई पो छे से अभिषेक ने जहां सुशांत सिंह राजपूत को बॉलीवुड में लॉन्च किया था, वहीं फिल्म केदारनाथ से उन्होंने सारा अली खान को मौका दिया था। अब वह अमन और राशा को इंडस्ट्री में ब्रेक देने जा रहे हैं। दोनों ने अभिनय का प्रशिक्षण भी लिया है। वे पिछले काफी समय से इस फिल्म के लिए तैयारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि राशा और अमन अपना एक्टिंग करियर शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

अमन,अजय की बहन नीलम के बेटे हैं। उन्हें कई बार अजय और उनके परिवार के साथ घूमते-फिरते देखा जा चुका है। अमन की अजय के साथ खूब बनती है, वहीं अजय की बेटी न्यासा के साथ भी उनकी तस्वीरें वायरल हो चुकी हैं।

रवीना ने 1995 में दो बेटियों पूजा और छाया गोद ली थीं। इसके बाद 2004 में उन्होंने फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी से शादी की और 2 बच्चों राशा और रणबीर को जन्म दिया। रवीना की बेटी राशा दिखने में काफी खूबसूरत हैं। उनमें अपनी मां की झलक दिखती है। स्टाइल के मामले में वह अपनी मां को भी मात देती हैं। राशा सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें और वीडियो अक्सर वायरल होते हैं।

बता दें कि अजय और रवीना ने साथ में कई हिट फिल्में दी हैं और दोनों की जोड़ी दर्शकों के बीच लोकप्रिय रही है। 1993 में फिल्म एक ही रास्ते से लेकर दिलवाले, गैर और दिव्य शक्ति जैसी कई फिल्मों में उनकी जोड़ी जमी है। यही नहीं, एक समय अजय और रवीना के अफेयर की खबरें भी आम थीं और एक वक्त दोनों के बीच हुए मतभेदों ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, अब दोनों के बीच सबकुछ ठीक है।

# ईगल के साथ संक्रांति 2024 के लिए सिनेमाघरों में वापसी करेंगे रवि तेजा



रवि तेजा ने धमाका के साथ अपने करियर की सबसे बड़ी एकल हिट फिल्मों में से एक बनाई, जिसे पीपुल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले निर्मित किया गया था। सिनेमैटोग्राफर से निर्देशक बने कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा अभिनीत एक बहुत बड़ी परियोजना के लिए स्टार फिर से प्रोडक्शन हाउस के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने आज फिल्म की एक झलक दिखाने के साथ शीर्षक ईगल का अनावरण किया। इस साल वाल्टेयर वीरय्या के बाद, रवि तेजा ईगल के साथ संक्रांति 2024 के लिए सिनेमाघरों में वापसी करेंगे।

घोषणा के टीजर में रवि तेजा को एक चित्रकार से लेकर कपास किसान तक के कई पात्रों के रूप में वर्णित किया गया है। टीजर एक झील के पास खड़े तेलुगु स्टार के साथ समाप्त होता है क्योंकि शीर्षक ईगल होने का अनावरण किया गया है। यह अनुपमा परमेश्वरन, नवदीप और मधुबाला जैसे अभिनेताओं द्वारा फिल्म में निभाए गए किरदारों की झलक भी देता है। काव्या थापर और श्रीनिवास अवसारला से भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने कहा, निर्माता चाहते थे कि शीर्षक आकर्षक हो और टीजर नायक की दुनिया को स्थापित करना चाहता था। फिल्म के दृश्य भी उत्कृष्ट होंगे और संगीत भी काफी प्रशंसा के योग्य होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म काफी बड़े बजट पर बनी है। एक निर्देशक होने के साथ-साथ, कार्तिक गट्टामनेनी से संपादक और सिनेमैटोग्राफर से लेकर पटकथा लेखक तक कई भूमिकाएँ निभाने की उम्मीद है क्योंकि उन्होंने इसे मणिबाबू करणम के साथ लिखा है, जिन्होंने फिल्म के संवाद भी लिखे हैं। टीजी विश्व प्रसाद फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, जबकि विवेक कुचिभोटला सह-निर्माता हैं। दावज़ंद को संगीत निर्देशक के रूप में लिया गया है और गीत चैतन्य प्रसाद, रहमान और कल्याण चक्रवर्ती द्वारा लिखे गए हैं।

श्रीगेंद्र तंगाला प्रोडक्शन डिज़ाइनर हैं जबकि राम लक्ष्मण, रियल सतीश और टोमेक एक्शन दृश्यों का ध्यान रखेंगे। फिल्म की शूटिंग अभी हैदराबाद में चल रही है और निर्माता 2024 की संक्रांति के अवसर पर ईगल को रिलीज करने के इच्छुक हैं।(आरएनएस)

# केजरीवाल को कांग्रेस की जरूरत!

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस से लड़ते लड़ते अरविंद केजरीवाल को अब कांग्रेस की जरूरत महसूस होने लगी है। असल में आम आदमी पार्टी की पूरी राजनीति कांग्रेस के साथ किसी न किसी रूप में जुड़ी है। अगर कांग्रेस कमजोर होगी तो उसके दम पर आम आदमी पार्टी फल-फूल सकती है, जैसे देश की कई प्रादेशिक पार्टियों के साथ हुआ है। दूसरी स्थिति यह है कि कांग्रेस मदद करे तो आम आदमी पार्टी मजबूत हो सकती है। इन्हीं दो मॉडल पर क्षेत्रीय पार्टियां राज्यों में मजबूत हुई हैं। जहां जहां कांग्रेस कमजोर होती गई वहां क्षेत्रीय पार्टियों ने उसकी जगह ले ली और जहां कांग्रेस ने किसी क्षेत्रीय पार्टी से तालमेल किया वहां भी वह क्षेत्रीय पार्टी कांग्रेस का वोट लेकर मजबूत हो गई। अरविंद केजरीवाल की पार्टी की सफलता की भी ये ही दो स्थितियां हैं। अभी तक जिन राज्यों में आम आदमी पार्टी आगे बढ़ी है और मजबूत हुई है वहां वह कांग्रेस की कीमत पर हुई है। दिल्ली, पंजाब और गुजरात इन तीनों राज्यों में कांग्रेस के वोट लेकर ही आम आदमी पार्टी आगे बढ़ी है। लेकिन अब किसी अन्य राज्य में ऐसी स्थिति नहीं दिख रही है कि कांग्रेस का एकमुश्त वोट आम आदमी पार्टी की ओर शिफ्ट हों, इसलिए केजरीवाल को अब कांग्रेस की मदद की जरूरत महसूस हो रही है।

यह अनायास नहीं है कि केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस की ओर से रुख स्पष्ट नहीं करने के बाद भी आम आदमी पार्टी उसके प्रति सद्भाव दिखा रही है। दो ऐसे संकेत मिले हैं, जिनसे लग रहा है कि केजरीवाल की पार्टी के रुख में नरमी आई है। पहला संकेत तो यह है कि गुजरात हाई कोर्ट ने जब मानहानि के मामले में राहुल गांधी की याचिका खारिज की और उन्हें राहत नहीं दी तो आम आदमी पार्टी ने आधिकारिक बयान में राहुल के प्रति सद्भाव दिखाया और उनका समर्थन किया। दूसरा संकेत यह है कि पार्टी के चुनाव रणनीतिकार और प्रबंधक संदीप पाठक ने कांग्रेस की बड़ी हैसियत को स्वीकार किया है। ध्यान रहे पार्टी अब तक कांग्रेस को उसकी औकात दिखाती रहती थी और बताती थी कि अब कांग्रेस खत्म हो रही है। लेकिन राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा है कि कांग्रेस की हैसियत बहुत बड़ी है और विपक्षी एकता बनवाने में उसको बड़ी भूमिका निभानी है। पाठक ने कहा है कि कांग्रेस को अपना अहंकार छोड़ना होगा और हर छोटी बड़ी पार्टी से बात करनी होगी क्योंकि विपक्षी एकता में उसको बड़ी भूमिका निभानी है।

अगर आम आदमी पार्टी मान रही है कि विपक्षी एकता में कांग्रेस को बड़ी भूमिका निभानी है तो इसका मतलब है कि कांग्रेस के साथ तालमेल के रास्ते उसने बंद नहीं किए हैं। पिछले कुछ दिनों से इस बात की चर्चा हो रही थी कि आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति का एक अलग मोर्चा हो सकता है। ध्यान रहे इन चार में से दो पार्टियों, सपा और तृणमूल को कांग्रेस से नहीं लड़ना है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की हैसियत कुछ नहीं है। इसलिए इन दो पार्टियों को कांग्रेस की राजनीति से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लेकिन भारत राष्ट्र समिति और आम आदमी पार्टी की राजनीति तो पूरी तरह से कांग्रेस से जुड़ी है। तेलंगाना में अगर कांग्रेस मेहनत करती है और अच्छे से चुनाव लड़ती है तो उसका बड़ा नुकसान भारत राष्ट्र समिति को होगा। इसी तरह आम आदमी पार्टी को हर राज्य में कांग्रेस की बाधा झेलनी है।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का जो गुबार उठा था वह अब थम गया है। उस आंदोलन की आंधी से उड़ी धूल अब सतह पर जम गई है। उस आंधी में कांग्रेस के पैर उखड़ गए थे, लेकिन अब उसके पैर जमने लगे हैं। पिछले 1० साल में कांग्रेस के खिलाफ चला भ्रष्टाचार का नैरेटिव अपनी चमक खो रहा है। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से लाभान्वित हुईं दोनों पार्टियां- भाजपा और आप के ऊपर भी आरोप लग रहे हैं। आप के कई नेता जेल में बंद हैं तो जिस थोक भाव से भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल किया है उससे किसी भी पार्टी के अलग होने का फर्क मिट गया है। मुंहजबानी कोई कितना भी दावा करे किसी की कमीज ज्यादा उजली नहीं दिख रही है।

दूसरे, आम आदमी पार्टी ने विचारधारा की बजाय वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में देकर लोगों को आकर्षित करने की राजनीति की वह अब मुख्यधारा की राजनीति है। कांग्रेस ने अपनी विचारधारा के साथ साथ 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने की राजनीति को चुनाव लड़ने का मुख्य हथियार बनाया है। सो, अब केजरीवाल की पार्टी को लगने लगा है कि कांग्रेस को जितना कमजोर करके उसका वोट हासिल कर सकते थे उतना कर लिया, अब उसके खिलाफ लड़ कर उसे हराना मुश्किल है। इसलिए उसका वोट हासिल करने का दूसरा तरीका अपनाने की कोशिश हो रही है। दूसरा तरीका यह है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन हो जाए तो स्वाभाविक रूप से उसका वोट आप को मिल जाएगा। कर्नाटक के बाद अल्पसंख्यकों का जो सद्भाव कांग्रेस के प्रति बना है उसमें भी आप की हिस्सेदारी हो जाएगी।

अभी तक की जो स्थिति है उसमें साफ है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में आम आदमी पार्टी का प्रचार अभियान जोर नहीं पकड़ पा रहा है। केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ जाकर राजस्थान और मध्य प्रदेश में रैलियां की हैं लेकिन उस पर मिली प्रतिक्रिया उत्साहजनक नहीं है। अगर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ती है, तो उसका हस्र कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की तरह हो सकता है। तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस व भाजपा की सीधी लड़ाई है तो तेलंगाना में बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा की लड़ाई है। कहीं भी आम आदमी पार्टी लड़ाई में नहीं है। केजरीवाल और उनके चुनाव रणनीतिकार संदीप पाठक को अंदाजा है कि लोकसभा चुनाव से पहले हो रहे इन राज्यों के चुनावों में अगर आम आदमी पार्टी कुछ नहीं कर पाती है तो लोकसभा चुनाव में उसके लिए कोई संभावना नहीं बचेगी। इसलिए वह विपक्षी एकता की बात कर रही है और उसमें कांग्रेस की बड़ी भूमिका बता कर उसके प्रति सद्भाव दिखा रही है। कांग्रेस इसके खतरे को जान रही है। उसको दिल्ली का अनुभव याद होगा, जहां उसने आप को समर्थन देकर उसकी सरकार बनवाई थी और उसके बाद दिल्ली में खत्म हो गई थी। इसलिए कांग्रेस के नेता किसी स्थिति में आम आदमी पार्टी से तालमेल के पक्ष में नहीं हैं। उनको पता है कि इससे आप को वैधता मिलेगी, जिसका लंबे समय में कांग्रेस को नुकसान होगा।

## ओएमजी-2 का मोशन टीज़र जारी

2०11 की फिल्म 'ओह माई गॉड' के सीक्वल का काफी इंतजार किया जा रहा है, और दर्शकों को अब आखिरकार फिल्म की पहली झलक देखने को मिलेगी। 'ओएमजी 2' का पहला टीजर 11 जुलाई को रिलीज हुआ। अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने रविवार को फिल्म से अपनी भूमिका की एक झलक साझा की।

पहले अपनी एक छोटी सी क्लिप के साथ टीजर की घोषणा करते हुए, अक्षय कुमार ने कैप्शन दिया, 'ओएमजी 2 का टीजर 11 जुलाई को आएगा। फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टिजर में अक्षय कुमार लंबे उलझे हुए बाल, मोतियों की माला और माथे पर त्रिपुंड के साथ शिव की शक्तिशाली सुंदरता को धारण करते हुए नजर आ रहे है।

फैंस ने फिल्म के लिए अपना उत्साह दिखाया है, हालांकि कई लोग हालिया 'आदिपुरुष' विवाद के बाद सावधानी भी दिखा रहे हैं, जहां फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया था।

एक अन्य ने लिखा, अक्षय जी, मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचाएगी।

अमित राय द्वारा निर्देशित 'ओएमजी 2' में पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम और अरुण गोविल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं और यह 11 अगस्त को रिलीज होगी।

## सू- दोकू क्र.082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.81 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## खीझ और रीझ

राजा अमन सिंह की सवारी नगर भ्रमण को निकली थी। आगे आगे घुड़सवार, फिर राजा का सजा हुआ हाथी चल रहा था। हाथी का हौदा स्वर्णमंडित था और उस पर झूल रही झालरों में हीरे जड़े हुए थे। हाथी के पीछे-पीछे दो सेवक छतरी लेकर चल रहे थे। उनमें से एक सेवक ने नीयत ख़राब होने से दूसरे की आंख बचाकर झालर में से एक हीरा निकाल लिया। मगर दूसरे सेवक ने यह चोरी देख ली और उसने राजा को बता दिया। महल में पहुंचकर राजा ने उसे कैद में डाल दिया और यातनाएं देकर मार डालने का हुक्म सुना दिया। यातनाओं से अधमरे सेवक ने अधिकारियों से कहा कि उसकी अंतिम इच्छा राजा के दर्शन की है। आप मेरा संदेश राजा तक पहुंचा दीजिए। राजा को ख़बर हुई तो उन्होंने उसे बुलवा भेजा। उससे उसकी अंतिम इच्छा पूछने पर वह बोला- महाराज, मैंने सुना है कि आपकी खीझ और रीझ दोनों ही मशहूर हैं। हुज़ूर, आपकी खीझ का नमूना तो देख लिया। अब आपकी रीझ का करिश्मा भी देखना चाहता हूं। सेवक की चतुराई पर राजा भी मुस्कुराए बिना न रह सका। उसको मुक्त करते हुए उपहारों सहित ससम्मान उसके घर भिजवाकर अपनी रीझ का उदाहरण भी प्रस्तुत कर दिया।

प्रस्तुतिः मुकेश कुमार जैन

## यूपी में कांग्रेस को नेता की तलाश

कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में नेता तलाश रही है। पिछले करीब पांच साल से प्रियंका गांधी वाड्रा प्रभारी के तौर पर उत्तर प्रदेश में काम कर रही थीं। उन्होंने पहले अजय सिंह लल्लू को अध्यक्ष बनवाया था और अब बृजलाल खाबरी को अध्यक्ष बनाया है। यानी कांग्रेस की राजनीति पिछड़ा और दलित वाली रही है। अब कांग्रेस को राज्य में नई राजनीति करनी है तो उसे ऐसे चेहरे की तलाश है, जो अपने दम पर कांग्रेस को खड़ा कर सके। कर्नाटक के बाद कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि मुस्लिम उसको वोट देंगे और मल्लिकार्जुन खड़गे की वजह से दलित वोट मिलने की भी उम्मीद है। बसपा प्रमुख मायावती की निष्क्रियता से भी कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि कुछ दलित वोट उसकी ओर शिफ्ट होगा। लेकिन कांग्रेस की मुश्किल यह है कि उसके पास नेता नहीं है। पिछले तीन दशक में कांग्रेस ने नए नेता नहीं खड़े किए।

कांग्रेस के पास राज्य में ले-देकर एक मुस्लिम नेता सलमान खुर्शीद हैं। वे भी अपनी चमक काफी पहले खो चुके हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने इमरान प्रतापगढ़ी को राज्यसभा भेजा लेकिन वे कोई जमीनी नेता नहीं हैं और न संगठन के आदमी हैं। वे मंच के लोकप्रिय कवि हैं और किसी बड़े नेता को उनकी शक्ल पसंद आ गई तो वे राज्यसभा चले गए। वे उत्तर प्रदेश तो छोड़िए अपने गृह जिले में भी कांग्रेस के पक्ष में दो-चार वोट भी शिफ्ट कराने की स्थिति में नहीं हैं। तभी सवाल है कि कांग्रेस के पास मुस्लिम वोट में मैसेज देने के लिए कोई बड़ा मुस्लिम नेता नहीं है।

इसी तरह राज्य में कांग्रेस के पास कोई बड़ा ब्राह्मण चेहरा भी नहीं है। कमलापति त्रिपाठी के परिवार के ललितेश पति त्रिपाठी तृणमूल कांग्रेस में चले गए। जितिन प्रसाद भाजपा में जाकर मंत्री बन गए। वाराणसी में ले-देकर राजेश मिश्र हैं। दलित नेतृत्व में खाबरी हैं, जो बसपा से आए हैं और पीएल पुनिया हैं, जो पहले अधिकारी थे और मायावती के बड़े करीबी थे। बेनी प्रसाद वर्मा बड़ा पिछड़ा चेहरा थे लेकिन वे भी बसपा से आए थे। उनके बाद कोई उस कद का नेता कांग्रेस के पास बचा नहीं। उन्हीं की जाति के आरपीएन सिंह थे, जिनको कांग्रेस ने आगे बढ़ाया था। अब वे भाजपा में चले गए हैं। आखिरी बड़ा वैश्य चेहरा श्रीप्रकाश जायसवाल थे और वे भी अब कहां हैं, किसी को पता नहीं है। प्रदेश में कोई बड़ा जाट नेता कांग्रेस के पास पहले से नहीं है। सो, किसी भी जाति या समुदाय का देखिए या जाति व समुदाय से निरपेक्ष होकर देखिए तो कांग्रेस के पास नेता नहीं हैं। इसलिए उसको सपा के सहारे ही राजनीति करनी होगी अन्यथा वह दो-ढाई फीसदी वोट पर सिमटी रहेगी। (आरएनएस)



# चमोली की घटना पर कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला, रखा मौन

हमारे संवाददाता

देहरादून। चमोली में नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर करंट फैलने से हुई 16 लोगों की मृत्यु से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज महानगर अध्यक्ष डॉ जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किया। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की और दो मिनट का मौन रखा।

इस मौके पर डॉ जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि उत्तराखंड पहले से ही आपदा प्रभावित क्षेत्र है, ऊपर से सरकारी महकमों की आपराधिक लापरवाहियां और परस्पर दोषारोपण राज्य के लिए बहुत घातक सिद्ध हो रही हैं। कोटद्वार मालन नदी का पुल हो या चमोली का हादसा सब जगह भारी लापरवाही के कारण घटनाएं हुई हैं। यहां भी नमामि गंगे प्रोजेक्ट, जल संस्थान, यूपीसीएल, और आउटसोर्स एजेंसी के बीच तालमेल की कमी थी और घटना के लिए एक दूसरे की जिम्मेदारी बताई जा रही है। उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि 415 वोल्ट की सप्लाई वाले परिसर में इतनी भारी मात्रा में करंट कैसे फैला? इसके अलावा जब सुबह परिसर के उपकरण बुरी तरह जले हुए मिले तो अधिकारियों ने लोगों को बड़ी संख्या में वहां क्यों जमा होने दिया। यह बहुत बड़ी जनहानि हुई है।

डॉ जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि सरकार शीघ्र जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे और अविलम्ब मृतकों को 50 लाख तथा घायलों को 10 लाख का मुआवजा प्रदान करे। प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल , पूरन सिंह रावत, गरिमा दसौनी, हरजीत सिंह , गोपाल सिंह गढ़िया, डॉ अरुण रतूड़ी, राजेश पुंडीर, अशोक वर्मा, अभिषेक तिवारी, पूनम कंडारी ,सईद अहमद जामल,सतेंद्र पंवार,मोहन जोशी सहित अन्य कई लोग शामिल रहे।

# इंटिग्रेटेड टाउनशिप योजना का किया विरोध

डोईवाला। सरकार की इंटिग्रेटेड टाउनशिप योजना के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाते हुए संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर मारखम ग्रांट के धरमुचक के बाराद घर मे एक बैठक आयोजित की गयी जिसमे धरमुचक और खैरी के सैकड़ों लोग उपस्थिय हुए। बैठक की अध्यक्षता व्योवृद्ध किसान रणजीत सिंह ने की। संचालन उमेद बोरा ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए उमेद बोरा और सुरेन्द्र सिंह खालसा ने कहा कि अभी तक प्रिंट मिडिया और सोशल मिडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों और मजदूरों को उजाड़ कर टाउनशिप योजना को डोईवाला के मारखम ग्रांट और हरिद्वार रोड स्थित माजरी ग्रांट मे उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण कर स्मार्ट सिटी बनाना चाहती है और यहाँ की जनता को बेघर कर सड़क पर लाने की तैयारी कर रही है। बैठक मे किसान नेता मोहित उनियाल और गौरव चौधरी ने कहा कि हमारे बुजुर्गो ने अपना खून पसीना बहा कर जिस जमीन को सैकड़ो साल पहले अपनी मेहनत और मशक्कत से बनाया उसी जमीन पर इस जनविरोधी सरकार कि नजर लग गयी और अडानी, अम्बानी के हवाले कर यहाँ के मूल निवासियों को बेघर करके नया शहर बनाना चाहती है।

बैठक में जगजीत सिंह, बिन्दा, गुरचरण, नरेंद्रसिंह, किशन सिंह, करनेल सिंह, मनोहर सिंह, हुकम सिंह, हरिकिशोर, नकुल, बलबीर, तेजपाल मोंटी, प्रताप सिंह, शुभम कम्बोज, रविंदर सिंह,गुरदीप साहनीआदि के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

## सीएम के सामने फूट-फूट के रोए...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

में इस बात को लेकर भारी गुस्सा है कि जो 16 लोग इस हादसे में मारे गए उनकी मौत का जिम्मेदार कौन है? लोगों ने मुख्यमंत्री से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ 302 के तहत मुकदमा दर्ज कराने की मांग की तथा मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने तथा 25 लाख मुआवजा देने की मांग की। लोगों का कहना है कि जिन परिवारों में कोई कमाने वाला नहीं रहा उनका अब क्या होगा? लोगों ने घायलों को भी 10 लाख का मुआवजा देने की मांग की है। चमोली, पीपलकोटी और गोपेश्वर बाजार आज बंद रहे। जहां-तहां लोग इस हादसे पर दुख व्यक्त करते दिखे।

मुख्यमंत्री ने पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार उनके साथ है। पीड़ितों की मदद की जा रही है तथा घायलों को भी बेहतर इलाज की व्यवस्था सरकार कर रही है। इस अवसर पर उनके साथ काबीना मंत्री सतपाल महाराज, धन सिंह रावत व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने चमोली दुर्घटना में हताहत हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली हादसे में हताहत हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनो से मिल भावुक हो उठे। उन्होंने हर सम्भव मदद का परिजनों को भरोसा दिलाया।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चमोली पहुंचे। चमोली हादसे में हताहत लोगों के परिजनों से मिलकर मुख्यमंत्री काफी भावुक नजर आए।

पुलिस मैदान गोपेश्वर में मुख्यमंत्री ने चमोली हादसे में हताहत होमगार्ड के तीनों जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बहुत हृदयविदारक घटना है। हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि इस घटना में जो हताहत हुए हैं उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। राज्य सरकार की तरफ से मुआवजा, इलाज आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जायेगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चमोली में हुए हादसे में मृतकों के परिजनों से एक-एक कर मिले। उन्होंने सभी को सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है, सरकार द्वारा इनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायक एवं अधिकारी मौजूद थे।

# मेयर की सम्पत्ति की जांच के लिए आप ने विजिलेंस कार्यालय पर प्रदर्शन किया

संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मेयर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उसकी सम्पत्ति की जांच के लिए विजिलेंस कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा।



आज यहां आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सतर्कता विभाग के कारगी चौक स्थित कार्यालय पर धावा बोला एवं जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता एवं गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की सतर्कता विभाग को जांच हेतु तीन माह पूर्व ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें सुनील उनियाल गामा द्वारा वर्ष 2018 में चुनाव अधिकारी को दिए गए अपने शपथ पत्र में उनके और उनकी धर्मपत्नी के पास दिखाई गई संपत्ति की तुलना में , वर्तमान में सुनील उनियाल गामा की संपत्ति में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

विजिलेंस विभाग द्वारा उनके ज्ञापन पर ना तो कोई संज्ञान लिया गया और ना ही कोई पत्राचार के माध्यम से हमें सूचना भेजी गई। उन्होंने बताया इसी के विरोध में आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विजिलेंस कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन किया। आनंद ने बताया की आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कार्यालय में दाखिल हुए जहां पर सीओ विजिलेंस पूर्णिमा गर्ग को उन्होंने ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। इस पर सीओ विजिलेंस पूर्णिमा गर्ग द्वारा आश्वस्त किया गया एवं जल्द ही इस मामले की जांच कर सूचना आम आदमी पार्टी कार्यालय एवं शासन को भेजने की बात कही एवं निष्पक्ष जांच की बात कही। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विपिन खन्ना, सुशील सैनी, रेहाना परवीन, सीपी सिंह, सुधा पटवाल, कासिम चौधरी, अरमान बैग, वसीम खान, वाहिद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय गन्ना किसान महासंघ ने तहसील मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता

डोईवाला। केंद्र सरकार द्वारा आगामी पैराई सत्र हेतु गन्ने का रेट मात्र 10/=रू बढ़ाये जाने के विरोध में तथा गन्ने का रेट 500 /=रू प्रति कुंतल करने,फसलों के लाभकारी मूल्य देने सहित अन्य मांगो के लिए अखिल भारतीय गन्ना किसान महासंघ ने तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन।




किसानों को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश महामंत्री गंगाधर नौटियाल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार किसानों के हितों के खिलाफ फैसले लेकर कोरपोरेट घरानो को खुश करने मे लगी है और कृषि को घाटे का सौदा बनाया जा रहा है ताकि किसान अपनी जमीनो को ओने पौने दामों मे बेच दें इसके लिये किसानों को एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लामबंद होना पड़ेगा।

किसान महासंघ के प्रदेश सह संयोजक दलजीत सिंह कहा कि जब से केंद्र मे भाजपा कि सरकार आयी है तब से लगातार किसानों के खिलाफ किसान विरोधी फैसले ले रही है, पहले तीन काले कानूनी किसानों पर थोपने कि कोशिश की है जिसको आंदोलन के जरिये किसानों ने कामयाब नहीं होने दिए और अब प्रदेश मे अलग अलग जगह ऐरो सिटी, स्मार्ट सिटी जैसी योजनाओं को लाकर किसानों की उपजाऊ भूमि को अपने चहेते पूंजीपतियों के हवाले करके किसानों को उजाड़ना चाहती है जिसके खिलाफ किसान अब आंदोलित हो चूका और उसे किसी भी कीमत पर कामयाब नहीं होने दिया जायेगा।

प्रदर्शन करने वालों मे एडवोकेट शाकिब अंसारी,पूरण सिंह, सुशील कुमार उर्फ छोटा,विपिन कुमार, जगजीत सिंह, बलबीर सिंह बिन्दा, गुरचरण सिंह, सत्यपाल, प्रेम सिंह, किशन सिंह,सिंगाराम आदि काफी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

## एक नजर


## संसद में पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच थोड़ी देर बातचीत भी हुई। पीएम मोदी ने इस दौरान सोनिया गांधी से उनके स्वास्थ्य के बारे में हालचाल जाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान सोनिया गांधी मणिपुर का मामला उठाया। उन्होंने पीएम मोदी से आग्रह किया कि सदन में मणिपुर की स्थिति को लेकर चर्चा कराई जाए। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह जानकारी दी। चौधरी के अनुसार, सोनिया गांधी ने मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा के भीतर प्रधानमंत्री मोदी के साथ संक्षिप्त बातचीत के दौरान यह मांग की।




## डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को फिर पैरोल मिली

नई दिल्ली। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को एक बार फिर से पैरोल मिली है। राम रहीम को ढ़ाई साल में 7वीं बार पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद वह सिरसा आश्रम नहीं जा सकेगा। सिरसा आश्रम जाने पर रोक लगाई गई है। राम रहीम इस बार भी यूपी के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में रहेगा। इससे पहले उसके लिए सिरसा से घोड़े और गाय पहुंचाए गए हैं और वहां पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। राम रहीम को इसी साल जनवरी में 40 दिन की पैरोल मिली थी। इससे पहले मिली पैरोल पर हरियाणा सरकार की खिंचाई हुई थी तो मुख्यमंत्री ने कहा था कि कानून के अनुसार ही पैरोल दी गई है। इसी साल मार्च में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में हरियाणा सरकार ने कहा था कि राम रहीम कोर्ट हार्ड कोर क्रिमिनल नहीं था। सरकार ने कहा था कि हत्या के दो अलग-अलग मामले को सीरियल किलिंग नहीं कहा जा सकता।



## ट्रेडमिल पर दौड़ते वक्त करंट लगने से युवक की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के रोहिणी इलाके में जिम के अंदर वर्कआउट करते वक्त हादसे में एक 24 साल के युवक की जान चली गई। ट्रेडमिल में करंट आने से युवक की मौत हो गई। युवक सेक्टर-15 के केएनके मार्ग पर स्थित जिम में वर्कआउट के दौरान ट्रेडमिल का यूज कर रहा था। इसी दौरान ट्रेडमिल में करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना 18 जुलाई की है। सक्षम अपने घर का इकलौता चिराग था, जिसकी मौत के बाद पूरे घर में मातम पसरा है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बारे में दिल्ली पुलिस ने बताया कि 18 जुलाई को रोहिणी सेक्टर 15 में एक जिम में ट्रेडमिल का उपयोग करते समय बिजली का झटका लगने से सक्षम नामक 24 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।



## इंग्लैंड जाने के लिए फ्लाइट लेने पहुंची अमृतपाल सिंह की पत्नी को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका

नई दिल्ली। असम की डिब्रूगढ़ जेल में सजा काट रहे वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर को एक बार फिर इंग्लैंड जाने से रोक दिया गया। किरणदीप कौर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ने के लिए पहुंची थी। इससे पहले भी उन्हें 2 बार इंग्लैंड जाने से रोक दिया गया था। 3 घंटे तक पूछताछ के बाद किरणदीप कौर को घर वापस भेज दिया गया। किरणदीप कौर ने तीसरी बार इंग्लैंड जाने से रोके जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कानून के मुताबिक मुझे 180 दिन पहले अपने देश में प्रवेश करना होता है। इससे पहले अप्रैल में भी जब वो इंग्लैंड जाने वाली थी तो प्रचारित किया गया कि वो इंग्लैंड भाग रही है, घर वापस जाने को भागना नहीं कहा जा सकता। किरणदीप कौर ने कहा कि एक ब्रिटिश नागरिक होने की वजह से उसपर भी नियम लागू होते हैं। पहले उन्होंने इंग्लैंड जाने के लिए 14 जुलाई की फ्लाइट बुक की थी।



# लिफ्ट में गर्दन फंसने से श्रमिक की दर्दनाक मौत, हंगामा



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। डॉल्फिन फैक्ट्री की लिफ्ट में आज सुबह गर्दन फसने से एक श्रमिक की मौत हो गई, श्रमिक की मौत के बाद जहां मिल प्रबंधन में हड़कंप मच गया वही फैक्ट्री में कार्य कर रहे अन्य श्रमिकों ने श्रमिकों की मौत पर गुस्सा जाहिर करते हुए जमकर हंगामा काटा और उचित मुआवजे की मांग की।

मामला रूद्रपुर क्षेत्रांर्तगत सिडकुल का है। जानकारी के अनुसार आज सुबह डॉल्फिन फैक्ट्री की वेंडर पीपी ऑटो इन्नोवेटर्स लिफ्ट में गर्दन फंसने से फैक्ट्री में कार्यरत एक श्रमिक की मौत हो गयी। मृतक श्रमिक का नाम राहुल (30) पुत्र शेर सिंह है जो क्रिमचे का मजरा, मिलक, रामपुर (यूपी) का रहने वाला था। बताया जा रहा है आज सुबह वह फैक्ट्री की पहली शिफ्ट में काम कर रहा था। सुबह करीब 9 बजे वह सामान ढोने वाली लिफ्ट पर लोडिंग कर रहा था। संभावना जताई जा रही है कि वह लिफ्ट में बैठ गया और उसकी गर्दन फंसने से मौत हो गई। इस घटना की सूचना पर फैक्ट्री के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सिडकुल चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

इधर श्रमिक की मौत के बाद अन्य श्रमिक फैक्ट्री में ड्यूटी छोड़कर बाहर आ गए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने जैसे-तैसे उन्हें शांत कराया। रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में काम करने वाले राहुल के बहनोई सुंदर ने बताया कि राहुल के माता-पिता नहीं है। वह उन्हीं के पास रहकर काम करता था। मृतक के परिवार वालों का इंतजार किया जा रहा है। श्रमिक की मौत के बाद अन्य श्रमिकों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है तथा श्रमिक को उचित मुआवजे की मांग की जा रही है।

## मोटरसाईकिल पर रखा बैग चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने मोटरसाईकिल पर तार के बंडल व अन्य सामान से भरा बैग चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर निवासी भीम सिंह ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी मोटरसाईकिल चौहान होटल वाली गली में खडी की, जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल पर रखा बैग गायब था जिसमें दो बाक्स, एक तार का बंडल व आडियो वीडियो लीड रखी हुई थी।



## गजराज फंसा दलदल में

हमारे संवाददाता

हरिद्वार/बिजनौर। भारी बारिश का असर अब वन्यजीवों पर भी पड़ने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जंहा बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है, तो वहीं दूसरी ओर वन्यजीव भी अब अपनी जान बचाने को लेकर इंसानों के सहारे जी रहे है। ऐसा ही एक नजारा आज बिजनौर जनपद में सामने आया है। यहां एक विशालकाय हाथी दलदल में फस गया। सूचना मिलने पर वन विभाग द्वारा मौके पर पहुंच कर गजराज को बचाने के प्रयास किये गये।

गजराज के दलदल में फंसने की यह घटना बिजनौर के भागुवाला क्षेत्र की है। बता दें कि उत्तराखड के जंगलों से सटे इस क्षेत्र में अक्सर जंगली गजराजों के झुंड चहलकदमी करते नजर आते है। आज यंहा जब ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे तो उसी दौरान उन्होने एक विशालकाय गजराज को दलदल में फंसा देखा। अंदेशा है कि शायद गजराज भोजन की तलाश में यंहा पंहुचा हो। बहरहाल मामले की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीमों द्वारा मौके पर पहुंच कर गजराज को दलदल से निकालने के प्रयास किये जा रहे है।

## एसओजी कर्मी बनकर बुलेरो लूटी, तीन गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। खुद को एसओजी कर्मी बताकर बुलेरो गाड़ी लूटने तथा रंगदारी मांगने वाले 3 शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से लूटा गया बुलेरो वाहन व लूट में प्रयुक्त स्कार्पियों कार भी बरामद की गयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी द्वारा बताया गया कि बीते रोज कमलेश कश्यप पुत्र जानकी प्रसाद निवासी डिबडिबा विलासपुर रामपुर उ.प्र. ने थाना पंतनगर में तहरीर देकर बताया गया था कि अफताब, गुड्डु व उसके साथी सलमान द्वारा बीती 18 जुलाई को इम्पीरियल चौक सिड़कुल में उसकी बुलेरो कार को रोका गया तथा अपने आप को एसओजी कर्मी बताकर उसकी बुलेरो गाडी को लूट लिया गया तथा गाडी छोडने के नाम पर वह रुपये मांगने लगे। सूचना पर थाना पंतनगर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी।

एसओजी कर्मी बताकर बुलेरो लूटने वालों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को आज सुबह सूचना मिली कि उक्त लूट में शामिल आरोपी काशीपुर रोड फ्लाई ओवर रूद्रपुर में देखे गये है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर लूट में शामिल आरोपियों को धर दबोचा गया। जिनके कब्जे से लूटी गया वाहन बुलेरो व घटना में प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो भी बरामद किया गया है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आफताब का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसकी जानकारी की जा रही हैं।

## पांच अन्य घायलों को भी एयरलिफ्ट कर भेजा एम्स

संवाददाता

देहरादून। चमोली हादसे में घायल पांच अन्यों को भी गोपेश्वर से एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिला अस्पताल गोपेश्वर में भर्ती चमोली हादसे के बाकी सभी 5 घायलो को भी एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स भेजा गया है। सीएम ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में घायलों को मानसिक दबाव से मुक्त करने और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य जांच के लिए भेज रहा है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*